RAJASTHAN PATRIKA, Ahmedabad, 20.1.2019
Page No. 2, Size:(15.37)cms X (11.84)cms.

'बुलेट ट्रेन' में सफर का एहसास

ट्रेड शो में लगा सिम्युलेटर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

अहमदाबाद. अहमदाबाद से मुंबई के बीच दौड़ने वाली बुलेट ट्रेन के प्रारंभ होने में भले अभी वक्त लगे, लेकिन गांधीनगर में आप बुलेट ट्रेन में सफर का लुत्फ उठा सकते हैं। जी, हां इसके लिए वाइब्रेन्ट ट्रेड शो में बुलेट ट्रेन का सिम्युलेटर लगाया गया है, जिसमें सीट पर बैठकर ऐसा एहसास होता है जैसे कि आप बुलेट ट्रेन दौड़ा रहे हैं। बुलेट ट्रेन जैसी स्पीड बढ़ाने, गीयर और ब्रेक की सुविधा है। बुलेट ट्रेन का सिम्युलेटर ट्रेड शो में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। आगंतुक सिम्युलेटर की सीट पर बैठकर बुलेट ट्रेन के सफर जैसा एहसास कर रहे हैं। यह सिम्युलेटर नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने लगाया है।

नेशनल हाईस्पीड के अधिकारी भी आगंतुकों को बुलेट ट्रेन को लेकर जानकारी भी मुहैया करा रहे हैं। साथ ही नेशनल हाई स्पीड को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हो रही है, जिसमें सही जवाब देने वालों को अधिकारी नवीन वर्मा पुरस्कार से प्रोत्साहित भी कर रहे हैं।